दिनांक–20.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर करीब 62 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान ।
- प्रदेश में छह संसदीय क्षेत्रों में 67 प्रतिशत वोट डाले गए, छिन्दवाड़ा में सबसे ज्यादा हुई वोटिंग ।
- मौसम के तेवर हुए तीखे, प्रदेश के 19 शहरों में पारा हुआ 40 डिग्री के पार ।
- आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया।

**अब समाचार विस्तार से-**

**मतदान प्रथम चरण**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 लोकसभा सीटों पर करीब 62 दशमलव तीन सात प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा और तमाम क्षेत्रों के मतदाताओं ने नागरिक जिम्मेदारी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गर्मी के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया। 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 11 लोकसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए और 18 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। ये निर्वाचन क्षेत्र 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। ये 102 सीटें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर के छप्पन गांवों और ग्रेट निकोबार की शोम्पेन जनजाति ने पहली बार मतदान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

**प्रदेश मतदान**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में कुल छह संसदीय क्षेत्रों में 67 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान छिंदवाड़ा में 79.1-8 फीसदी और सबसे कम 55.1-9 फीसदी मतदान सीधी में हुआ। मंडला और

बालाघाट में भी 70 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े. मंडला में 72.4-9 और बालाघाट में 73.1-8 प्रतिशत जबकि जबलपुर में 60.5-2 और शहडोल में 63.7-3 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।
नक्सल प्रभावित कुछ इलाकों में तो मतदाताओं ने इतिहास रच दिया। पेश है एक रिपोर्ट: **VOICE CAST : संजीव शर्मा/41 सेकेण्ड**
उधर,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है तीसरे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र मुरैना में 18 अभ्यर्थियों द्वारा 25 नामांकन पत्र, भिण्ड में 9 अभ्यर्थियों द्वारा 19, ग्वालियर में 22 अभ्यर्थियों द्वारा 32, गुना में 17 अभ्यर्थियों द्वारा 25, सागर में 14 अभ्यर्थियों द्वारा 22, विदिशा में 19 अभ्यर्थियों द्वारा 23, भोपाल में 28 अभ्यर्थियों द्वारा 41 और राजगढ़ में 16 अभ्यर्थियों द्वारा 35 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। बैतूल के लिये बहुजन समाज पार्टी के 1 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है ।

**मतदाता जागरूकता**

प्रदेश में पहले चरण के मतदान को देखते हुए शेष चरणों में मतदान प्रतिशत और बढाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। वहीँ, चुनाव प्रचार भी तेज हो गया है.
आगरमालवा सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर रैली के रूप में नगर भ्रमण कर मतदाताओं से मतदान का आव्हान किया।
श्योपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन पर मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर नैतिक मतदान की शपथ ली गई।
उज्जैन में लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत प्रमुख स्थानों पर वाहनों की चेकिंग कर निगरानी के लिये एसएसटी का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में चौबीस घंटे के लिये लगाई गई है।
खण्डवा में चुनाव के लिए नियुक्त मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण 24 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है।
सीहोर जिले में निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का मेडिकल बोर्ड के सदस्यों द्वारा आगामी 22 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

**इंदौर साइबर सुरक्षा**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी साइबर अटैक से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध कर रही है। बिलिंग, विद्युत वितरण, डाटा आदि को लेकर सजगता एवं भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कार्य किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि अप्रैल में कंपनी के अधिकारियों ने नई दिल्ली एवं मुंबई में ट्रेनिंग लेकर साइबर अटैक से बचाव को लेकर तौर तरीके समझे हैं। श्री तोमर ने बताया कि कल ऊर्जा सचिव व कंपनी के चेयरमैन  रघुराज एमआर ने भी इस दिशा में कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए है। कंपनी क्षेत्र में करीब साठ लाख उपभोक्ताओं के साथ ही अन्य विभागीय कार्यों की करोड़ों फाइलें और डाटा है।

**ग्वालियर आग**

ग्वालियर में एजी ऑफिस पुल के पास बने मैरिज गार्डन संगम वाटिका में कल भीषण आग लग गई । आग संगम वाटिका से शुरू हुई और रंग महल गार्डन तक फैल गई। संगम वाटिका में हल्दी और मेंहदी का कार्यक्रम चल रहा था। 17 दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अब तक किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

**मौसम**

अप्रैल के तीसरे हफ्ते में सूरज ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के 19 शहरों का पारा 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। भोपाल में दिन का पारा 39 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, झारखंड और गुजरात के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति अगले 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी। वहीँ, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में भी अगले एक से दो दिन के अंदर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल पुरुष क्रिकेट में आज नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

वहीँ कल लखनऊ के एकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 177 रनों का पीछा करते हुए, लखनऊ सुपर जायंट्स ने 8 विकेट शेष रहते और लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। के एल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जय लोक पार्टी ने भाजपा को समर्थन दिया है। जय लोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने कल भाजपा कार्यालय पहुंचकर समर्थन का पत्र सौंपा।
- प्रदेश में कल 21 अप्रैल को महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे।
- सीहोर जिले में कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर प्रशिक्षित सर्वेयर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.
- खरगोन शहर की जैतापुर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कल वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 5 लाख रुपए नकद जप्त किये है। यह कार बिलखेड़ निवासी खाद बीज व्यापारी विनोद चौहान की है।

- रतलाम में थाना आलोट पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है।
- रायसेन जिले के गैरतगंज थाना में गाडरवारा के ग्राम करमोदी के पास शुक्रवार तड़के दो तेज रफ्तार बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों बाइकों में भीषण आग लग गई। इससे बाइकों पर सवार तीन युवक जिंदा जल गए। वहीं, एक को गंभीर हालत में बरेली सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---